आकाशवाणी श्री विजयपुरम

04.07.2026 समय : 1905

1. संसद का मानसून सत्र इस महीने की बीस तारीख से शुरू होगा।

2. सहकारिता दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति ने भारत के विकास और आत्मनिर्भरता में सहकारी आंदोलनों के महत्व पर जोर दिया है।

3. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों से पूरक परीक्षा के लिए आठ जुलाई तक सीबीएसई पोर्टल पर आवेदन फॉर्म जमा करने को कहा है।

4. अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से 'सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिटी कप' बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

संसद का मानसून सत्र इस महीने की बीस तारीख से शुरू होगा और 13 अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। श्री रिजिजू ने कहा कि सत्र में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति ने 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को दोहराते हुए भारत के विकास और आत्मनिर्भरता में सहकारी आंदोलनों के महत्व पर जोर दिया है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि सहकार से प्रेरित सहकारिता, किसानों, महिलाओं और लघु उद्यमियों को सशक्त बनाने में एक शक्तिशाली भूमिका निभाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहकारिता राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन गई है, जो 'सहकार से समृद्धि' की भावना को मूर्त रूप देती है और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देती है। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता भारत की संस्कृति, सामूहिक शक्ति और आत्मनिर्भरता की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र ने नई गति प्राप्त की है और इसका उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशक ने चालू शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए अंशकालिक प्री–प्राइमरी शिक्षकों, प्री–प्राइमरी आया, सफाई कर्मचारियों, शिल्प प्रशिक्षकों और सहायकों को पुनः सेवा में लेने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। दो हजार पच्चीस–छब्बीस सत्र के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर अंशकालिक कर्मचारियों को मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए तत्काल प्रभाव से उनके संबंधित स्कूलों में फिर से नियुक्त किया जा सकता है। अंशकालिक कर्मचारियों की इस पुनः नियुक्ति के लिए प्रत्येक स्कूल के प्रति प्री–प्राइमरी प्रभाग में कम से कम पांच छात्रों का नामांकन सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभाग ने सभी जोनल अधिकारियों, डीडीओ, संस्था प्रमुखों को अपने–अपने स्कूलों में अंशकालिक कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से काम पर वापस लेने और दस जुलाई तक अनिवार्य रूप से उनकी जॉइनिंग रिपोर्ट निदेशालय को भेजने का निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने भारत में लिवर की महामारी और टाइप–2 मधुमेह से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में 'लिवर एंड मेटाबोलिक डिज़ीज़ नेटवर्क' की तीसरी वर्षगांठ पर डॉ. सिंह ने कहा कि ये रोग अब पहले की तुलना में कम उम्र के लोगों में भी देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जेनेटिक बनावट, पेट के आसपास चर्बी की अधिक समस्या और भारतीयों की खास शारीरिक बनावट के कारण लोगों में मधुमेह, फैटी लिवर और हृदय रोग का ख़तरा ज़्यादा है। डॉ. सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक तरक्की के साथ बड़े पैमाने पर जन–जागरूकता और व्यवहार में बदलाव से इस चुनौती से निपटा जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के टाउन वेंडिंग कमेटी की ओर से स्ट्रीट वेंडर्स –आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन अधिनियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण किया जाएगा। यह सर्वेक्षण स्ट्रीट वेंडर्स की वास्तविकता और प्रामाणिकता स्थापित करने के उद्देश्य से, सर्वेक्षण टीमों द्वारा छः जुलाई से क्षेत्रवार शुरू किया जाएगा। यह सर्वेक्षण कार्य पहली अगस्त तक चलेगा। परिषद ने स्ट्रीट वेंडर्स को परामर्श देते हुए कहा कि सर्वेक्षण के समय वेंडर के साथ उनके ठेले का होना अनिवार्य है। उन्हें अपने पास आवश्यक दस्तावेज रखने होंगे। जो वेंडर अपने संबंधित वार्ड में उपस्थित नहीं होंगे, उन्हें वेंडिंग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। चयनित वेंडर्स को पात्रता निर्धारित करने के लिए लागू योजना के प्रावधानों के अनुसार अपनी वित्तीय स्थिति के संबंध में शपथ पत्र जमा करना होगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी नियमित छात्रों के लिए संबंधित स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की सूची के ऑनलाइन सबमिशन और निजी उम्मीदवारों द्वारा स्वयं सीबीएसई पोर्टल पर आवेदन फॉर्म जमा करने की अधिसूचना जारी की। फार्म आठ जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के जमा किए जा सकते हैं। कक्षा बारहवीं के वे सभी नियमित छात्र जिन्हें कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है या जो अपने अंकों में सुधार के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए तुरंत अपने संबंधित स्कूलों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, सभी निजी उम्मीदवारों को भी कक्षा बारहवीं की पूरक या सुधार परीक्षा के लिए निर्धारित समय सीमा तक बिना विलंब शुल्क के सीबीएसई पोर्टल cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन करने को कहा गया है। परीक्षा अट्ठाईस जुलाई को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से 'सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिटी कप' बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट 9 से 12 जुलाई तक नेताजी स्टेडियम स्थित बहुउद्देशीय सभागार में "फिटनेस, एकता और नशामुक्त समाज के लिए खेल – राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और वंदे मातरम् की भावना का उत्सव" विषय के साथ आयोजित होगा। प्रतिभागी टूर्नामेंट में एकल एवं युगल श्रेणियों में भाग ले सकते है। इसके अलावा, न्यूनतम आठ टीमों की भागीदारी होने पर विभागीय टीम स्पर्धा भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को नकद पुरस्कार ट्रॉफी, पदक और प्रमाण–पत्रों से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 7 जुलाई शाम 5 बजे तक अपनी प्रविष्टियां पुलिस लाईन स्थित खेल प्रभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

व्यापक पायरेसी की खबरों को देखते हुए सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। सरकार ने टेलीग्राम को पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्लेटफॉर्म को पन्द्रह दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा गया है। इस कदम का उद्देश्य भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था, फिल्म उद्योग, प्रसारकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म, निर्माताओं और वितरकों की रक्षा करना है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर किसान संघ ने जिला प्रशासन से डिगलीपुर तहसील में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान का तत्काल आकलन करने की अपील की है। मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त को सौंपे एक ज्ञापन में, संघ ने कहा कि किसानों के फसलों, धान की पौध और कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। संघ ने मुआवजा, बीजों और उर्वरकों पर सब्सिडी, क्षतिग्रस्त कृषि बुनियादी ढांचे को ठीक करने के लिए वित्तीय सहायता, और प्रभावित पशुपालन व मत्स्य पालन किसानों के लिए सहायता की मांग की है।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल बाईस जुलाई को ब्रिजगंज स्थित बफल रेंज में फायरिंग अभ्यास करेगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस दौरान स्थानीय नागरिकों से अपने वाहनों एवं पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>